5/8/2017-रा भा (सेवा)
भारत सरकार
गृह मंत्रालय, राजभाषा विभाग

एन डी सी सी - 2 बिल्डिंग, बी विंग, 4था तल
जय सिंह रोड, नई दिल्ली - 110 001

दिनांक 29 जून, 2018

कार्यालय आदेश

संघ लोक सेवा आयोग द्वारा की गई संस्तुति के आधार पर केंद्रीय सचिवालय राजभाषा सेवा संवर्ग के श्री राकेश बाबू दुबे, उप - निदेशक (राजभाषा), जो वर्तमान में राष्ट्रपति सचिवालय में प्रतिनियुक्ति के आधार पर ओ. एस. डी. (हिन्दी) के पद पर कार्यरत हैं, को संयुक्त निदेशक (राजभाषा) के पद पर नियमित आधार पर पदोन्नति दी जाती है । श्री दुबे को श्री पी. सी. विश्वकर्मा, संयुक्त निदेशक (राजभाषा), दूरसंचार विभाग, नई दिल्ली (जो दिनांक 30.6.2018 (अपराहन) को सेवानिवृत हो रहे हैं) के स्थान पर रिक्ति वर्ष 2018 की रिक्तियों के तहत संयुक्त निदेशक (राजभाषा) के पद पर नियमित आधार पर वेतनमान लेबल-12, वेतनमान रु॰78,800 – 2,09,200/- में पदोन्नति देते हुए दिनांक 1.7.2018 (पूर्वाहन) से स्वास्थ्य सेवा महानिदेशालय, नई दिल्ली में तैनाती दी जाती है । श्री दुबे की संयुक्त निदेशक (राजभाषा) के पद पर नियमित पदोन्नति उनके तैनात किए गए विभाग में उनके कार्यभार ग्रहण करने की तिथि से ही प्रभावी होगी । इसे सक्षम प्राधिकारी के अनुमोदन से जारी किया जाता है ।

29/6/2018

(राजू लाल मीणा)
अवर सचिव (सेवा)

सेवा में

श्री राकेश बाबू दुबे,
ओ. एस. डी. (हिन्दी)
राष्ट्रपति सचिवालय, नई दिल्ली

प्रतिलिपि

1. निदेशक (प्रशासन), राष्ट्रपति सचिवालय, नई दिल्ली । अनुरोध है कि श्री राकेश बाबू दुबे, ओ. एस. डी. (हिन्दी) से संबन्धित सभी कागजात और इनकी सेवा पंजी / एल. पी. सी., छुट्टियों का ब्योरा इत्यादि संबन्धित दस्तावेज़ अवर सचिव (प्रशासन), स्वास्थ्य सेवा महानिदेशालय, निर्माण भवन, नई दिल्ली - 110 108 को सीधे ही भिजवाने की व्यवस्था करें ।

2. अवर सचिव (प्रशासन), स्वास्थ्य सेवा महानिदेशालय, निर्माण भवन, नई दिल्ली - 110 108

..2..

3. श्री केवल कृष्ण, वरिष्ठ तकनीकी निदेशक, एन आई सी । कृपया इस कार्यालय आदेश को राजभाषा विभाग की वेबसाइट पर अपलोड करने की व्यवस्था करें ।

4. डी डी ओ / वेतन एवं लेखा अधिकारी, राष्ट्रपति सचिवालय, नई दिल्ली ।

5. डी डी ओ / वेतन एवं लेखा अधिकारी, स्वास्थ्य सेवा महानिदेशालय, निर्माण भवन, नई दिल्ली - 110 108

6. गार्ड फाइल